# राजस्थान करंट अफेयर्स 2026




**11 April 2026**

Yesterday, Quiz:

## Q. राजस्थान के किस जिले में राज्य का पहला आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) आधारित ट्रैफिक सिग्नल सिस्टम स्थापित किया गया है?

(A) अलवर

(B) जयपुर

(C) उदयपुर

(D) इनमें से कोई नही

- राजस्थान के उदयपुर जिले में ट्रैफिक व्यवस्था को आधुनिक बनाने की दिशा में एक बड़ी पहल की गई है।
- फतहपुरा चौराहे पर राज्य का पहला आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) आधारित ट्रैफिक सिग्नल सिस्टम स्थापित किया गया है, जिससे अब लंबे जाम से राहत मिलने की उम्मीद है।
- उदयपुर के फतहपुरा चौराहे पर लगाए गए इस स्मार्ट ट्रैफिक सिस्टम की खास बात यह है कि यह पारंपरिक सिग्नलों की तरह निश्चित समय पर काम नहीं करता, बल्कि यह AI तकनीक की मदद से वास्तविक ट्रैफिक स्थिति का आकलन करता है। जिस दिशा में वाहनों की संख्या अधिक होती है, सिस्टम उसी अनुसार सिग्नल का समय स्वत: तय करता है।

**Yesterday Revision**

01. राजस्थान विधानसभा में 16 समितियों का गठन किया गया है. राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने 16 विधानसभा समितियों के अध्यक्षों और सदस्यों की घोषणा कर दी है.

02. सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के अधीन राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (NHAI) राष्ट्रीय राजमार्गों के किनारे खाली पड़ी जमीनों पर औषधीय वृक्षारोपण medicinal plantations के लिए 'एनएचएआई आरोग्य वन' 'NHAI आरोग्य वन परियोजना शुरू करने जा रहा है।

03. राजस्थान का केकड़ी (अजमेर) शहर राज्य में पहला ऐसा शहर बन गया है, जहां आमजन को मुफ्त इंटरनेट मिलेगा।

04. राजस्थान के स्वास्थ्य बजट 2026-27 में "राज-ममता" नामक एक प्रमुख मानसिक स्वास्थ्य पहल की शुरुआत की गई है

05.राजस्थान में सहरिया, खैरवा (बारां) और कथौड़ी (उदयपुर) जनजाति परिवारों के लिए अब खाद्य सामग्री के स्थान पर पात्र परिवारों की महिला मुखिया को 1,200 रुपये प्रतिमाह सीधे बैंक खाते में दिए जाएंगे।

**01. निम्न कथनों पर विचार कीजिए:**

(A) वित्तीय वर्ष 2025-26 में रीको द्वारा वर्ष 2025-26 में 21 नवीन औद्योगिक क्षेत्र खोले गए हैं,

(B) रीको ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में 2175 भूखण्डों का आवंटन किया गया

**सही विकल्प चुनिए:**

(A) दोनों सत्य हैं (B) केवल A सत्य है

(C) केवल B सत्य है (D) दोनों असत्य हैं

**Important Facts:**

- रीको ने औद्योगिक विकास के क्षेत्र में लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए वित्तीय वर्ष 2025-26 में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं
- वित्तीय वर्ष 2024-25 में रीको द्वारा जहां राज्य में 12 नए औद्योगिक क्षेत्र आवंटन हेतु खोले गए थे
- वर्ष 2025-26 में 21 नवीन औद्योगिक क्षेत्र खोले गए हैं,
- रीको ने वर्ष 2024-25 में 880 भूखण्डों का आवंटन किया था जबकि वित्तीय वर्ष 2025-26 में 2175 भूखण्डों का आवंटन किया गया

**02. निम्न कथनों पर विचार कीजिए—**

(1) राजस्थान के झुंझुनू जिले के खेतड़ी तहसील स्थित त्योंदा गांव में पुरातत्व विभाग की खुदाई में पुराने मंदिर के अवशेष और तांबे के सिक्के मिले हैं।

(2) रीढ़ का टीला' नामक स्थल पर मिली यह सामग्री 10वीं-11वीं शताब्दी (चौहान काल) की मानी जा रही है,

**सही विकल्प चुनें**

(A) कथन 1 और 2 सत्य हैं (B) केवल कथन 1 सत्य हैं

(C) केवल कथन 2 सत्य हैं। (D) सभी कथन असत्य हैं

**Important Facts:**

- राजस्थान के झुंझुनू जिले के खेतड़ी तहसील स्थित त्योंदा (Tyonda) गांव में पुरातत्व विभाग की खुदाई में लगभग 1000-1100 साल पुराने मंदिर के अवशेष और तांबे के सिक्के मिले हैं।
- 'रीढ़ का टीला' (Spine Mound) नामक स्थल पर मिली यह सामग्री 10वीं-11वीं शताब्दी (चौहान काल) की मानी जा रही है, जो क्षेत्र के संपन्न धार्मिक और व्यापारिक इतिहास को दर्शाती है।
- पुरातत्व विभाग के विशेषज्ञों के अनुसार, यह स्थान मध्यकालीन भारत में एक महत्वपूर्ण व्यापारिक और धार्मिक केंद्र रहा होगा

03. मंगोलिया की राजधानी उलानबटार में बॉक्सिंग की एशियन चैंपियनशिप में राजस्थान की मुक्केबाज अरुंधती चौधरी ने कौनसा पदक जीता है?

(A) स्वर्ण पदक

(B) रजत पदक

(C) कांस्य पदक

(D) इनमें से कोई नही



**Important Facts:**

- राजस्थान की मुक्केबाज अरुंधती चौधरी ने मंगोलिया में आयोजित एशियन चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीता
- कोटा की अरुंधति चौधरी ने 70 किलो कैटेगरी के फाइनल में अरुंधति ने कजाकिस्तान की बकित सीडिश को 4-1 से हराया।
- मंगोलिया की राजधानी उलानबटार में 28 मार्च से बॉक्सिंग की एशियन चैंपियनशिप शुरू हुई थी. इसमें भारतीय बॉक्सिंग टीम में कोटा की बॉक्सर अरुंधति चौधरी भी शामिल है,
- सेना से खेलने वाली अरुंधति ने पिछले साल नोएडा में वर्ल्ड बॉक्सिंग चैम्पियनशिप में भी गोल्ड जीता था। वर्ल्ड और एशियन बॉक्सिंग में गोल्ड मेडल जीतने वाली अरुंधति राजस्थान की पहली बॉक्सर बन गई हैं।

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**04. निम्न कथनों पर विचार कीजिए:**

(1) राजस्थान में पोषण पखवाड़ा : 2026 का आयोजन : 9 अप्रैल से 23 अप्रैल, 2026 तक किया जा रहा है

(2) राष्ट्रीय पोषण पखवाड़ा में राजस्थान प्रथम स्थान है

**सही कथन चुनिए:**

(A) केवल कथन 2 सत्य हैं (B) केवल कथन 1 सत्य हैं

(C) कथन 1 व 2 सत्य हैं. (D) सभी कथन असत्य हैं

**Important Facts:**

- पोषण पखवाड़ा : 2026
- आयोजन अवधि : 9 अप्रैल से 23 अप्रैल, 2026
- उद्देश्य : कुपोषण में कमी एवं जन-जागरूकता बढ़ाना
- राजस्थान :प्रमुख उपलब्धियां
  - राष्ट्रीय पोषण पखवाड़ा : प्रथम स्थान
  - राष्ट्रीय पोषण माह : द्वितीय स्थान
  - प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना (मासिक रैंकिंग) : प्रथम स्थान

**05. हाल ही में राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में क्यूरेटेड डिजाइन और डेकोर एग्जीबिशन 'नाईन डॉट स्क्वायर्स' का आगाज कब हुआ?**

**(A) 10 अप्रैल को**

**(B) 08 अप्रैल को**

**(C) 05 अप्रैल को**

**(D) इनमें से कोई नही**

GK SEARCH ENGINE

**Important Facts:**

- जयपुर स्थित राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर (आरआईसी) में क्यूरेटेड डिजाइन और डेकोर एग्जीबिशन 'नाईन डॉट स्क्वायर्स' के चौथे संस्करण का 10 अप्रैल को आगाज हुआ।
- कार्यक्रम का उद्घाटन उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने किया।
- तीन दिवसीय इस एग्जीबिशन में फर्नीचर, सिरेमिक्स, डिजाइनर मिरर, फैब्रिक्स, फर्निशिंग्स और कलेक्टिबल आर्ट के साथ विविध इंस्टॉलेशंस का प्रदर्शन किया जा रहा है।
- नाईन डॉट स्क्वायर्स' का उद्देश्य उभरते डिजाइनरों को मंच प्रदान करना और पारंपरिक शिल्प को आधुनिक डिज़ाइन से जोड़ना है

जयपुर, गुरुवार, 09 अप्रैल, 2026

## सुजस ई प्रश्नोत्तरी-49

1. **जनजातीय** क्षेत्रों में वन उपजों (जैसे- आंवला, शहद, इमली और महुआ) के मूल्य संवर्धन के लिए राज्य में लघु वन उपज प्रसंस्करण केंद्र कहां स्थापित किए जाएंगे?
(A) बांसवाड़ा और उदयपुर
(B) डूंगरपुर और सिरोही
(C) प्रतापगढ़ और चित्तौड़गढ़
(D) बारां और कोटा

2. **हाल** ही में आयोजित 'पश्चिमी क्षेत्रीय कृषि सम्मेलन' की मेजबानी किस राज्य द्वारा की गई?
(A) गुजरात
(B) मध्य प्रदेश
(C) महाराष्ट्र
(D) राजस्थान

3. **होमस्टे** संचालकों को राजस्थान होमस्टे योजना-2026 के तहत अतिथियों का रिकॉर्ड न्यूनतम कितने वर्षों तक संधारित करना अनिवार्य है?
(A) 10 वर्ष
(B) 7 वर्ष
(C) 2 वर्ष
(D) 5 वर्ष

4. **मिशन** हरियालो राजस्थान के तहत वर्ष 2024 से 2028 तक (पांच वर्षों में) प्रदेश में कुल कितने पौधारोपण का लक्ष्य रखा गया है?
(A) 20 करोड़
(B) 30 करोड़
(C) 50 करोड़
(D) 100 करोड़

5. **पंच** गौरव योजना में 'एक जिला - एक खेल' के तहत नागौर जिले का खेल कौन सा है?
(A) एथलेटिक्स
(B) कबड्डी
(C) फुटबॉल
(D) हॉकी

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Today, Quiz:**

**Q. राजस्थान का पहला ऐसा शहर कौनसा है जहां आमजन को मुफ्त इंटरनेट मिलेगा?**

(A) केकड़ी

(B) खाटू

(C) चाकसू

(D) इनमें से कोई नही

GK Search Engine

Today for tomorrow

GK Search Engine

SUBSCRIBE NOW | PRESS BELL ICON | Like | Share

FOLLOW ON INSTAGRAM

FOLLOW ON FACEBOOK

JOIN US ON TELEGRAM

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine